श्रम और रोजगार मंत्रालय

Azadi Ka Amrit Mahotsav

कर्मचारी राज्य बीमा निगम में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का सफलतापूर्वक आयोजन

Posted On: 08 NOV 2022 3:56PM by PIB Delhi

कर्मचारी राज्य बीमा निगम, (क. रा. बी) मुख्यालय में 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' (31.10.2022 - 06.11.2022) का समापन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में श्री सुरेश एन.पटेल, केंद्रीय सतर्कता आयुक्त ने समारोह की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम में अन्य गणमान्य व्यक्तियों के रूप में श्री पी. डेनियल, सचिव, केंद्रीय सतर्कता आयोग, डॉ. राजेंद्र कुमार, महानिदेशक, क.रा.बी.निगम, श्री ए.के. कनौजिया, अपर सचिव, केंद्रीय सतर्कता आयोग, सुश्री टी.एल. यादेन, वित्तीय आयुक्त, क.रा.बी.निगम और श्री मनोज कुमार सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी क.रा.बी.निगम के साथ-साथ क.रा.बी.निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इसके अलावा क.रा.बी.निगम की सभी क्षेत्रीय इकाइयां एवं अस्पताल/चिकित्सा महाविद्यालय ऑनलाइन माध्यम से समारोह में सम्मिलित हुए।

दिनांक 31 अक्तूबर, 2022 को सत्यनिष्ठा की शपथ लेने के साथ 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' का आरंभ हुआ। पूरे सप्ताह के दौरान निबंध लेखन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता और वाद-विवाद प्रतियोगिता के आयोजन जैसे विभिन्न गतिविधियां आयो... की गई ताकि ‘भ्रष्टाच... भारत- विकसित भ... थीम को आत्मसा... जा

सके और भ्रष्टाचार के खतरे से लड़ने के लिए विभिन्न हितधारकों के बीच जागरूकता बढ़ाई जा सके। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान गतिविधियां संचालित करने के साथ ही क.रा.बी.निगम ने 03 माह का पूर्वप्रभावी सतर्कता जागरूकता अभियान दिनांक 16.08.2022 से 15.11.2022 तक शुरू किया। इस पूर्वप्रभावी शुरू किए गए अभियान में भी अनेक गतिविधियां आयोजित की गई जिनका केंद्र निवारक सतर्कता-सह-आंतरिक रखरखाव (हाउसकीपिंग) था।

श्री सुरेश एन.पटेल, केंद्रीय सतर्कता आयुक्त ने कार्यक्रम के दौरान अपने भाषण में कहा कि भारत को विकसित रूप में देखने के लिए भ्रष्टाचार को समूल रूप से समाप्त करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सभी को व्यक्तिगत रूप से अपने सम्पूर्ण जीवन में सत्यनिष्ठ रहना होगा। डॉ. राजेन्द्र कुमार, महानिदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने मानवीय हस्तक्षेप को कम करते हुए पारदर्शी तरीके से सेवाएं प्रदान करने के लिए नवीनतम तकनीकों के प्रयोग पर बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम सभी के लिए न केवल एक भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण सुनिश्चित करने का बल्कि श्रेष्ठतम गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देने का प्रयास भी कर रहा है।

श्री पी.डेनियल, सचिव, केंद्रीय सतर्कता आयोग ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम के कार्यों और उपायों की सराहना की और कहा कि तकनीक के प्रयोग से भ्रष्टाचार के प्रकारों को प्रभावी रूप से समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने केंद्रीय सतर्कता आयोग के तीन विचारों दंडात्मक सतर्कता, निवारक सतर्कता और सतर्कता भागीदारी पर बल दिया जिससे भारत भ्रष्टाचार से मुक्त हो सके। श्री ए.के.कनौजिया, अपर सचिव ने क.रा.बी.निगम द्वारा समाज के कमजोर वर्गों को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने भ्रष्टाचार मुक्त जीवन के लिए सुझाव दिए कि दैनिक कार्यों को ईमानदारी और मेहनत से किया जाए, जीएफ़आर नियमों का पालन करें और नियमावलियों के अनुसार कार्य करें।

श्री मनोज कुमार सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी, क.रा.बी.निगम ने अपने प्रारम्भिक भाषण में अवगत कराया कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह के लिए चलाए पूर्व प्रभावी 03 माह के अभियान में करीब 356 सतर्कता संबंधी लंबित मामलों का निपटान किया गया।

अन्य संदर्भ

प्रधा द्वारा सतर्कता जागरू सप्ताह 2022 के अ र संदेश यहाँ से देखें

*****

हिमानी/श्री साई

(Release ID: 1874476) Visitor Counter : 70